हिन्दी

अध्याय-9: एक खिलाड़ी की कुछ यादें

SHIVOM CLASSES 8696608541

-केशवदत्त

NCERT SOLUTIONS

पाठ से प्रश्न (पृष्ठ संख्या 57)

प्रश्न 1 लेखक बैडमिंटन चैंपियन था। उसे हॉकी खेलने की प्रेरणा किससे और कैसे मिली?

उत्तर- लेखक बैडमिंटन चैंपियन थे लकिन एक दिन ध्यानचंद को स्कूल के ग्राउंड में हॉकी खेलते देखकर वे उनसे प्रभावित हो गए और हॉकी खेलने लगे।

प्रश्न 2 इंग्लैंड से मैच जीतने के बाद सबकी आँखों में आँसू क्यों थे?

उत्तर- भारत को इंग्लैंड से आजाद हए कुछ ही दिन हुए थे अंग्रेजों को उनके ही घर में जाकर हराना जिसने हमें गुलाम बनाकर रखा था। यह अपने आप में ही बड़े गर्व की बात थी इसी कारण सबकी आँखों में आँसू थे।

प्रश्न 3 'खिलाड़ियों में जज्बा जरूरी है।' लेखक ने किस जज्बे की बात की है? यह जज्बा क्यों जरूरी है?

उत्तर- खिलाड़ियों में खेल की भावना के साथ-साथ उसे जीतने का जज्बा बहुत जरूरी होता है तभी वह अपने पूर दम-खम से पूरे जुनून के साथ खेल सकता है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

याद करना प्रश्न (पृष्ठ संख्या 62-63)

प्रश्न 1 "60 साल की बात करने से पहले मैं कुछ साल और पीछे जाना चाहता हूँ। लाहौर को याद करना चाहता हूँ।"

ऊपर के वाक्यों को पढ़ो और बताओ कि-

a. लेखक 60 साल की बात करने के लिए क्या करना चाहता है?
b. तुम्हें अगर अपने तीन साल के हिंदी सीखने की बात को कहने को कहा जाए तो उसके लिए क्या-क्या करोगे?

c. क्या पिछली किसी बात को याद करने के लिए बार-बार रटना जरूरी होता है या सोच-समझ के साथ उस पर चर्चा, विचार और उसका आवश्यकतानुसार व्यवहार करना जरूरी होता है? तुम्हें जो भी उचित लगे उसे कारण सहित बताओ।

उत्तर-

a. लेखक साठ साल की बात करने के लिए कुछ साल पीछे की ओर मुड़कर देखना चाहता है।
b. हिन्दी सीखने के लिए पहले अक्षर ज्ञान लेंगे फिर उसका व्याकरण उसके बाद उसको बोलने और लिखने का तरीका जानेंगे उसके बाद उसके व्यावहारिक रूप को अपनाएंगे।
c. पिछली किसी भी बात को याद करने के लिए उके संदर्भ में जानना जरूरी है कि वह आखिर फिर क्यों की जा रही है। उसके बारे में पूरा पता होना चाहिए उसे रटा नहीं जाता उसे केवल समझा और उसी के आधार पर भविष्य में किसी भी निर्णय पर पहुंचा जा सकता है।

खेल कूद प्रश्न (पृष्ठ संख्या 63)

प्रश्न 1 नीचे कुछ खेलों के नाम दिए गए हैं। इन्हें खेलने के लिए किन-किन चीजों की जरूरत होती है, उसकी सूची बनाओ।

(क)	हॉकी	....	....	....	....
(ख)	क्रिकेट	....	....	....	....
(ग)	लॉन टेनिस	....	....	....	....
(घ)	तैराकी	....	....	....	....
(ड)	तीरंदाजी	....	....	....	....
(च)	कबड्डी	....	....	....	....

उत्तर-

(क)	हॉकी	हॉकी,बॉल	नौ खिलाड़ी	गोलकीपर के लिए हैलमेट	उसकी पूरी किट
(ख)	क्रिकेट	बैट, बॉल	विकिट पैड	हैलमेट जूते	ग्लब्स ‘ग्यारह खिलाड़ी

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(ग)	लॉन टेनिस	लॉन टेनिस किट	कम से कम दो खिलाड़ी...	....	....
(घ)	तैराकी	तैराकी की ड्रेस	चश्मा	बालो को ढंकने के लिए रबर कैप	....
(ड)	तीरंदाजी	तीर कमान	चश्मा.	टारगेट	जूते
(च)	कबड्डी	खिलाड़ी	मैदान	....	....

पता लगाओ प्रश्न (पृष्ठ संख्या 64)

प्रश्न 1 क्रिकेट फुटबॉल और हॉकी के मैदान में क्या अंतर होता है?

उत्तर- क्रिकेट में बीच में पिच और आरों ओर घेरा बनाया जाता है, फुटबाल और हॉकी में मैदान के दोनों ओर नैट के गोल बनाए जाते हैं जिसमें खिलाड़ियों को बॉल या फुटबॉल डालना होता है।

प्रश्न 2 क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी में कितने-कितने खिलाड़ी होते हैं।

उत्तर- क्रिकेट और हॉकी में ग्यारह-ग्यारह और फुटबाल में नौ–नौ खिलाड़ी होते हैं।

प्रश्न 3 हॉकी से जुड़े शब्दों की सूची बनाओ।

उत्तर- स्टिक, डी, गोलकीपर, पैनल्टी कार्नर।

जगह जगह के खेल प्रश्न (पृष्ठ संख्या 64)

प्रश्न 1 कुछ खेल कुछ खास जगहों में ही खेले जा सकते हैं और कुछ खेल प्रचलन के कारण कुछ खास लोगों द्वारा ही खास स्थानों पर खेले जाते हैं। बताओ कि -

a. कौन-से खेल अंदर खेले जाते हैं?
b. कौन-से खेल बाहर खेले जाते हैं?
c. कौन-से खेल अकेले खेले जाते हैं?

उत्तर-

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

a. टेबिल टेनिस, बैडमिंटन, स्क्वैश।

b. क्रिकेट, फुटबाल, हाकी, लान टेनिस।

c. तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कम्प्यूटर गेम आदि।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)